Pre- Qualifying Requirement–

1. सम्बन्धित फर्म को उपरोक्त कार्य का सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
2. कार्य की मात्रा उपरोक्त अनुमानित मात्रा से ±20 प्रतिशत तक विचलित हो सकती है।
3. निविदा में दरों की वैधता न्यूनतम 180 दिन की अंकित करनी होगी।
4. निविदादाता द्वारा आपूर्ति हेतु नियमानुसार देय सभी करों का विवरण दर अनुसूचि (rate schedule) के साथ देना होगा। विवरण नहीं देने पर माना जायेगा कि निविदित दरों में सभी कर सम्मिलित है।
5. सामग्री की आपूर्ति हेतु अंग्रेजी वार्षिक लेखा रिपोर्ट का मैटर कार्यालय में उपलब्ध है। कार्यालय में उपलब्ध वार्षिक लेखों की अंग्रेजी वार्षिक लेखा रिपोर्ट सैम्पल के अनुसार हिन्दी में अनुवाद कराकर छपाई हिन्दी भाषा में गुणवत्ता के आधार पर करानी होगी। अतः निविदादाता कार्यालय में उपलब्ध उपरोक्त वर्णित वर्षों की वार्षिक लेखा रिपोर्ट का अवलोकन करने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ करे।
6. निदेशक(वित्त), पविविनिलि, मेरठ से प्रूफ स्वीकृत कराने के पश्चात ही वार्षिक लेखो/ प्रतिवेदनों का पुस्तिका के रूप में मुद्रण किया जायेगा। दोष पूर्ण मुद्रण होने पर पुस्तिकाये स्वीकार्य नही होगी।
7. प्रूफ स्वीकृत होने के पन्द्रह दिनों के अन्दर उक्त मुद्रित पुस्तिाकाओ की आपूर्ति की जानी होगी। निदेशक(वित्त), पविविनिलि, मेरठ के निर्देशानुसार उक्त सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।
8. फर्म को मुद्रण हेतु उपलब्ध कराये गये अंग्रेजी भाषा के वार्षिक लेखो/प्रतिवेदनो का हिन्दी भाषा में अनुवाद कर प्रूफ दस दिनों में स्वीकृति हेतु निदेशक (वित्त), पविविनिलि, मेरठ को उपलब्ध कराना होगा।
9. निविदा में प्रतिभाग किये जाने वाले फर्मो का वार्षिक औसत टर्न ओवर (MAAT) कम से कम रू0 7.65 लाख होना आवश्यक है। The audited balance sheet/CA's certificate with UDIN number shall be enclosed in support of above, failing which the bid may not be considered.
10. डिस्कॉम को किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकारी बिना किसी कारण बताये सुरक्षित है।
11. विवाद की स्थिति में न्यायालय का क्षेत्र मेरठ होगा।
12. कार्यालय में लिखित रूप से प्रचलित हिन्दी का अनुवाद में प्रयोग किया जायेगा रिपोर्ट विधान सभा/विधान परिषद में वितरित की जानी है। अतः संसदीय स्वीकृत शब्दों का अनुवाद में प्रयोग किया जाना होगा।
13. अंग्रेजी मैटर जो कार्यालय में उपलब्ध है फर्म को कार्य प्रारम्भ करने की तिथि को उपलब्ध करा दिया जायेगा। जिसके 30 दिनों की अवधि में फर्म द्वारा ए–5 साईज के पेपर पर हिन्दी में अनुवाद कर मुद्रण हेतु तैयार साफ्टवेयर जो एम0एस0 वर्ड/पेज मेकर में स्वीकृत फान्ट में लिखा गया हो तथा मुद्रण हेतु पृष्ठ संख्या हेड लाईन बिन्दु एवं हाइलाइटेड पैरा विषय अंकन के साथ सीधे मुद्रण हेतु तैयार साफ्टवेयर अन्तिम प्रूफ चेकिंग जो लेखा अनुभाग द्वारा किया जायेगा, हेतु दिया जायेगा। अन्तिम स्वीकृति होने की तिथि के उपरान्त 30 दिनों में फर्म द्वारा तैयार 5000 पुस्तकों के सेट की आपूर्ति की जायेगी।
14. निविदा की अन्य सभी शर्ते फार्म–बी के अनुसार मान्य होगी।